तापमान
अधिकतम 41.5 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शुक्रवार 5 जून 2026

आगजनी की घटनाओं पर आयोग सख्त, पांच विभागों के अधिकारियों से मांगा जवाब 13



अधिकारी कार्यालय में बैठने के बजाय फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें 14



## खबर संक्षेप

### रेशम संभालेंगे जेल अधीक्षक का पदभार

**रेवाड़ी।** प्रदेश सरकार की ओर से वीरवार को चार जेल उपाधीक्षक को पदोन्नत किया है। इनमें से जेल उपाधीक्षक रेशम सिंह को जिला जेल का अधीक्षक बनाया गया है। जिला जेल में बीते दिनों एक हवालाती के जेल से फरार होने के बाद कई अधिकारियों पर गाज गिरी थी। जिला जेल अधीक्षक का पद खाली पड़ा हुआ था। सरकार की ओर से जारी पत्र के अनुसार अब रेशम सिंह जिला जेल अधीक्षक का प्रभार तत्काल प्रभाव से ग्रहण करेंगे। उनके जल्द कार्यभार संभालने की संभावना है।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कुंड के पास हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने गत 2 जून को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने नूंह के छरोड़ा निवासी वाहन चालक मुस्कीम को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद 28 मई को दर्ज किए गए मामले में यूपी के खुजा निवासी गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने रास्ता रोककर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर 3 जून को आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और रास्ता रोककर धमकी देने के आरोप लगाए गए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कंवाली निवासी अमित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे निजी मुचलके के आधार पर छोड़ दिया गया।

### झगड़े की आशंका में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** नांगल जमालपुर में आपसी विवाद में झगड़े की आशंका को देखते हुए थाना खोल पुलिस ने निवारक कार्यवाही के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गांव के दो पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए गए थे, लेकिन उनमें सहमति नहीं बनी। बाद में पुलिस ने नरेश, हरिओम और संजय को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को वीरवार को नायब तहसीलदार के समक्ष पेश किया, जहां उसे उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष जून माह में दर्ज कराई गई विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 3 फरवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने गुरुग्राम के हरसरू निवासी दीपक को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### हत्या का आरोपी दो दिन के रिमांड पर

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया है। मंदोला निवासी ज्योति की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसके पति कंवरपाल को गिरफ्तार किया था। कंवरपाल ने शराब पीने का विरोध करने पर ज्योति की गला दबाकर हत्या कर दी। शव को माखरिया की ढाणी के पास जंगलों में डाल दिया था। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने के लिए आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

वन विभाग 'प्रकृति से प्रेरित-जलवायु के लिए-भविष्य के लिए' थीम पर मनाएगा विश्व पर्यावण दिवस

# विश्व पर्यावरण दिवसः हरियाली के लिए पौधे हो चुके तैयार, रोपित करने के लिए मानसून का इंतजार

- जिले की 7 नर्सरियों में तैयार हुए 6 लाख से अधिक पौधे, एक जुलाई से शुरू होगा वितरण व रोपने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरिभूमि सरोकार

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। वन विभाग की ओर से आगामी मानसून सीजन में पौधरोपण करने की तैयारियां शुरू कर दी है। वन विभाग की ओर से इस वर्ष पर्यावरण दिवस 'इंस्पायर्ड बाय नेचर, फॉर क्लाइमेट, फॉर आवर फ्यूचर' यानि 'प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए-भविष्य के लिए' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जिले में प्रति वर्ष वन विभाग की ओर से लाखों पौधे लगाए व वितरित किए जाते हैं। यह कार्य मानसून की दस्तक के साथ प्रति वर्ष एक जुलाई से शुरू हो जाता है। आज के समय जलवायु परिवर्तन, जंगलों की कटाई, प्रदूषण व प्लास्टिक के कारण लगातार खराब होता वातावरण लोगों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। वन विभाग की ओर से सरकारी स्थानों, नहर, जोहड़, अरावली क्षेत्र व सड़कों के किनारे पौधे लगाए जाते है। वहीं सरकारी व प्राइवेट स्कूलों, कॉलेजों, पंचायत व शहर की संस्थाओं को फ्री पौधे दिए जाते है। वन विभाग की ओर से सरकारी नर्सरियों में ज्यादातर फलदार, फूलदार, छायादार व औषधीय पौधे तैयार किए जाते हैं। विभाग की ओर से नर्सरियों में आम, अर्जुन, बड़, पीपल, गुलर, शीशम, जामुन, सिब्बल, कचनार, आवंला, नीम, गुलमोहर, बरना, करसांगवान, कदम, बेलपत्र, कजलिया, कलसटोनिया, पहाड़ी पापड़ी, तिलखन, सिल्वरओक, इमली, जरखंड़ा, दालमौठ, कडीपत्ता, अशोका, पपीता, पारस पीपल, बेरी, सुहाजना, रीठा, जाल, चंड, तुलसी, चांदनी, गुड़हल, जंगल जलेबी, सीताफल, रोंज, खैरी, नींबू व अमलतास सहित कई अन्य प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए है।





रेवाड़ी। दिल्ली रोड स्थित राव तुलाराम स्टेडियम में छाई हरियाली, दिल्ली रोड स्थित नर्सरी में तैयार की गई पौध। फोटो : हरिभूमि

### युवा पीढ़ी को प्रेरित करें वरिष्ठजन



आगामी मानसून सीजन में प्रत्येक नागरिक कम से कम दो पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। परिवार के वरिष्ठजन किसी भी शुभ अवसर पर पौधे जरूर लगाए तथा युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करें। जिले की नर्सरी में पौध तैयार की जा चुकी है। एक जुलाई से पौधरोपण अभियान शुरू होगा।
-संदीप कुमार, आरएफओ।

### लाखों की संख्या में पौधे तैयार

वन विभाग की ओर से जिले में 7 नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के छोटे व बड़े 6 लाख 4 हजार 123 पौधे तैयार किए जा चुके है। जेएलएन नहर व मनेठी नर्सरी में छोटे व बड़े 2.35 लाख पौधे तैयार किए गए है। इसके अलावा नाहड़ नर्सरी में 60000 छोटे व 25000 बड़े, गुडियानी नर्सरी में 15000 छोटे व 8000 बड़े, बेरली नर्सरी में 30000 छोटे व 11500 बड़े, बावल नर्सरी में 71000 छोटे व 27000 बड़े तथा शहबाजपुर नर्सरी में 89000 छोटे व 32623 बड़े पेड़ों की पौध तैयार की गई है।



रेवाड़ी। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर डिवाइडर से टकराई कार। फोटो : हरिभूमि

### डिवाइडर से टकराई कार तीन महिलाएं घायल

**रेवाड़ी।** दिल्ली से राजस्थान के खाटूश्याम धाम जा रही एक कार जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कनुका मोड़ के पास डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में कार सवार तीन महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गईं। चालक को भी हादसे में मामूली चोटें आई हैं। दिल्ली निवासी प्रवीन कुमार के परिवार की महिलाएं खाटूश्याम धाम दर्शन के लिए कार में जा रही थीं। वीरवार तड़के करीब साढ़े 3 बजे कनुका मोड़ के पास कार डिवाइडर से टकरा गई। ऐसा माना जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हो गया। हादसा होते ही कार सवार महिलाओं ने चिल्लाना शुरू कर दिया। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों ने घायलों को कार से निकाला। पुलिस को सूचना देने के बाद ईआरवी मौके पर पहुंच गई। घायल महिलाओं और चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई। रामपुरा पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### रामपुरा में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रविवार से

**रेवाड़ी।** श्री पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर रामपुरा स्थित चौक पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। भागवत कथा 7 जून से शुरू होकर 14 जून तक चलेगी। पंडित सुमन भारद्वाज ने बताया कि वृंदावन धाम से व्यास महाराज रोजाना शाम 3 बजे से 6 बजे तक कथा वाचन करेंगे। कथा के शुभारंभ पर रविवार को सुबह 9:15 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर गांव में परिक्रमा करेगी। आयोजकों के अनुसार कथा का समापन 14 को हवन और भंडारे के साथ होगा। पंडित भारद्वाज ने कहा कि पुरुषोत्तम मास में भागवत कथा का विशेष धार्मिक महत्व है। आयोजन समिति से सोनू, मनोज, कुलभूषण, ललित, संजय, नरेश यादव सरपंच, किशन, जिले सिंह व डा. सुरेंद्र ने कथा में सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील की है।

## महिला ने फांसी लगाकर जान दी, पांच पर केस दर्ज

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

शांति नगर कॉलोनी में बुधवार की रात एक महिला ने फांसी लगाकर जान दी। वह दो बच्चों की मां थी। मृतका के पिता के बयान पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसके पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वीरवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि सेक्टर-19 के शांतिनगर में एक महिला संगीता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया।



रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाने में मौजूद मृतका के परिजन। फोटो : हरिभूमि

### मामले की जांच की जा रही

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण के अनुसार मृतका के पिता के बयान पर उसके पति व ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

मृतका के मायके पक्ष के लोगों को सूचना दी। बेटी की मौत की सूचना के बाद अस्पताल पहुंचे संगीता के पिता राजेश ने पुलिस शिकायत में बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी वर्ष 2015 में अजय के साथ की थी। संगीता के दो बच्चे हैं। राजेश ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उसकी बेटी को परेशान किया जाता रहा। मामला कोर्ट तक में चला गया था, लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद भी उसकी बेटी को लगातार प्रताड़ति किया जाता रहा, जिस कारण वह आत्महत्या करने को मजबूर हो गई।

### पीथड़ावास में पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर 7 से

**रेवाड़ी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि परिवार के पांचों संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथड़ावास में पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर का आयोजन 7 से 11 जून तक किया जाएगा। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा।

शिविर में योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा योग आधारित स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी प्रदान की जाएगी। पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत तथा किसान सेवा समिति के कार्यकर्ता शिविर के संचालन में सहयोग करेंगे।

## पिता की लाइसेंसी बंदूक से फायर गोली लगने से युवक घायल

- केस दर्ज करने के बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

बुधवार की रात मंदोला गांव में एक युवक ने अपने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी। गोली गांव के एक युवक को लगी, जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना से गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस शिकायत में मंदोला निवासी नरेश ने बताया कि वह गाड़ी चलाता है। 3 जून को वह अपने ही गांव के सोनू और प्रिंस के साथ बैठकर चाय पी रहा था। इसी दौरान उसकी प्रिंस के साथ कहासुनीं हो गई। बाद में वह अपने घर आ गया। रात को वह और उसका भाई महेश खाना खाने के बाद स्कूल की ओर घूमने के लिए निकले थे। जब दोनों प्रिंस के घर के सामने से गुजर रहे थे, तो प्रिंस भी वहां आ गया। नरेश ने आरोप लगाया कि प्रिंस उसे देखते ही आवेश में आकर अपने घर के अंदर चला गया। इसके बाद वह बंदूक लेकर बाहर निकला और गोली चला दी। गोली उसके भाई महेश की बाजू में लगी। उसके पेट में भी गोली का छर्रा लगा। वह अपने भाई को तुरंत खोल सीएचसी लेकर गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उसने आरोप लगाया कि प्रिंस ने उसे जान से मारने के लिए उस पर गोली चलाई थी, जो उसके भाई को लग गई।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### रात को ही मौके पर पहुंची पुलिस

रात को लगभग साढ़े 10 बजे हुई गोली चलने की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस ने नरेश की शिकायत पर प्रिंस के खिलाफ आर्म्स एक्ट व जानलेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार बंदूक उसके पिता की है, जिसका लाइसेंस भी है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## बंद मकान में चोरों की सेंध, लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

नई आबादी में चोरों ने रात के समय एक बंद मकान के ताले तोड़कर 6 लाख रुपये और लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। सिटी पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बेटा बीमार होने के कारण मोहित उसे परिवार के साथ लेकर गुरुग्राम टेस्ट कराने के लिए गया हुआ था। बेटे का ऑपरेशन होना है, इसलिए घर पर 6 लाख रुपये और जेवरात रखे हुए थे। उसके पड़ोसी ने फोन पर सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। मोहित गुरुग्राम से घर पहुंचा, तो घर के ताले टूटे हुए थे। सारा सामान बिखरा हुआ था। अलमारी में रखे नकदी और जेवरात गायब थे। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया गया। बाद में चोरी का केस दर्ज करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उन लोगों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो घटना के समय मकान के पास से गुजरे थे।

### इलाज के लिए रखे थे पैसे और गहने

मोहित के अनुसार बेटे के इलाज पर ज्यादा पैसा खर्च होने का अनुमान लगाते हुए घर पर 6 लाख रुपये और सभी जेवरात एक स्थान पर रखे थे। जरूरत पड़ने पर जेवरात बेचकर पैसे जुटाने की योजना थी, लेकिन चोरों ने बेटे के इलाज के लिए एकत्रित नकदी और जेवरात पर हाथ साफ करते हुए परिवार की परेशानी काफी बढ़ा दी। अब उसे बेटे के इलाज की चिंता सता रही है।



आज भी मौसम में बदलाव की संभावना, तेज आंधी के साथ हो सकती है बारिश

## पारा चढ़ने से गर्मी बन रही आफत, बूंदाबांदी ने दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के कारण दिन भर गर्मी ने लोगों के जमकर पसीने छुड़ाए रखे। शाम के समय जिले के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी और हल्की बारिश ने मौसम खुशगवार बना दिया, जिससे लोगों को भारी गर्मी से राहत मिल गई। शुक्रवार को भी मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

वीरवार को सुबह के समय आसमान पूरी तरह साफ बना रहा। सूरज की तपिश के चलते लोगों को दोपहर तक भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। आधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 41.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। लगभग एक सप्ताह बाद तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। न्यूनतम तापमान भी 3.0 डिग्री बढ़कर 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर बाद तक भारी गर्मी का प्रकोप बना रहा। हवा में नमी का स्तर 40 प्रतिशत तक रहने के कारण उमस ने भी लोगों को जमकर परेशान किया। कूलरों की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया। गर्मी के कारण दोपहर के समय एक बार फिर लोगों से घरों से बाहर निकलने में गुरेज किया, जिससे दोपहर बाद तक सड़कों और बाजार से भीड़ गायब नजर आई। गत दिनों हुई बारिश के बाद से लू का प्रकोप खत्म हो चुका है, परंतु भारी गर्मी ने जमकर परेशान करना शुरू कर दिया।



रेवाड़ी। वीरवार शाम को आसमान में छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### शाम के समय मौसम ने ली करवट

शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव आ गया। आसमान में बादलों के बीच हवाओं की रफ्तार 24 किलोमीटर से भी ज्यादा हो गई। इसके बाद जिले के कई हिस्सों के झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश ने हवाओं को ठंडा बना दिया, जिससे लोगों को भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आ गई।

### आंधी की प्रबल संभावना बनी

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते वीरवार की रात और शुक्रवार को तेज हवा या आंधी के साथ हल्की बरसात हो सकती है। कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश भी हो सकती है। आंधी की भी प्रबल संभावना बनी हुई है। अगले दो-तीन दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। इस दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### आरोपियों ने व्यक्ति का एटीम बदलकर खाते से 25 हजार निकाले

**कोसली।** कोसली के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम से पैसे निकालने आए भाकली गांव के व्यक्ति की मदद करने के बहानेदो लोगों ने एटीएम बदल कर उनके खाते से 25 हजार रुपये की राशि निकाली ली। भाकली गांव के सत्यवीर ने कोसली थाने में दी शिकायत में बताया कि वे बुधवार को प्रातः 11 बजे यूनियन बैंक आफ इंडिया बैंक के एटीएम से जब पैसे निकालने अंदर धुसे तो वहां पहले से दो व्यक्ति मौजूद थे। जब उन्होंने पैसे निकालने के लिए अपना एटीएम यूज किया तो उन्होंने कहा कि पैसे वे निकाल देंगे। जब उन्होंने अपना एटीएम दिया तो आरोपियों ने उनका एटीएम बदल लिया तथा खाते से से पैसे निकाल कर फरार हो गए। मैसेज आने पर उन्होंने तुरंत बैंक तथा पुलिस को 112 नंबर पर शिकयत दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

जागरूकता
डॉ. मोनिका शर्मा

# छोटे-छोटे कदम उठाकर हम करें पर्यावरण की रक्षा

बच्चो, विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। आओ, हम अपने पर्यावरण की वर्तमान स्थिति के बारे में जानें। साथ ही इस बात को भी जानें कि हम बच्चे अपने पर्यावरण को कैसे प्रदूषणमुक्त और सुरक्षित रख सकते हैं।



बच्चो, हमारा पर्यावरण हमारे जीवन का आवरण है, जो हमें हर ओर से घेरे हुए है। प्यारे-प्यारे पशु-पक्षी, हरे-भरे पेड़ पौधे, सुंदर-मनमोहक नदी-पहाड़, समुंदर, तालाब और हम इंसान सब इस घेरे में ही रहते हैं। धरती, जल, आकाश और वायु से बना पर्यावरण यूं तो खुद को शुद्ध और स्वच्छ रखना जानता है, लेकिन हम इंसानों की एक्टिविटीज ही इसे दूषित कर रही हैं। इसीलिए पर्यावरण की संभाल-देखभाल बहुत जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि पर्यावरण की रक्षा हम छोटे-छोटे कदम उठाकर भी कर सकते हैं। तुम भी अपने रुटीन में कुछ आदतों को शामिल कर अपनी धरती और अपने पर्यावरण के रंगों को सहेज सकते हो। इसके लिए तुम्हें यह जानना चाहिए कि वे कौन से कारण हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है।



## बदलता मौसम

बच्चो, तुमने घर के बड़ों को अकसर यह कहते हुए सुना होगा कि पहले तो इतनी गर्मी नहीं होती थी। कुछ साल पहले तक ठिठुराने वाली ऐसी ठंड भी नहीं पड़ती थी। बरसात भी समय पर होती थी। अच्छी बारिश से हरियाली भी खूब रहती थी। लेकिन अब तुम खुद देख रहे हो कि मौसम का रूप पूरी रह बदल गया है। झुलसाने वाली गर्मी हो या कड़ाके की ठंड, मौसम के बदलते रंग-ढंग के पीछे पर्यावरण असंतुलन ही है। यह असंतुलन इंसानों की गतिविधियों से कुदरत को पहुंचे नुकसान का नतीजा है। यही स्थिति बनी रही तो प्यारी-प्यारी तितलियां, हरे-भरे पार्क, रंग-बिरंगे फूलों से सजा स्कूल कैंपस और सहन करने लायक मौसम हमारे लिए सपना बन जाएंगे।

## मौसम का बदलता पैटर्न

बच्चो, पर्यावरणीय असंतुलन की वजह से मौसम का पैटर्न भी बदलता है। मौसम के पैटर्न का बदलना हमारे जीवन के हर पहलू पर नकारात्मक असर डालता है। इससे बीमारियां बढ़ती हैं। बेमौसम बहुत ज्यादा बरसात होने से बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। बारिश की कमी से सूखे की स्थितियां बन जाती हैं। ऐसे में आने वाले कल की बेहतरी के लिए आज ही हम सबको सजग होना होगा। ग्लोबल वार्मिंग की अलार्मिंग स्थितियों में पर्यावरण रूपी अनमोल धरोहर की रक्षा में जुट जाना होगा। कुदरत के हर हिस्से से मिल रही वॉर्निंग्स को सुनना और हमारे पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में सही कदम उठाना हम सभी का कर्तव्य है।



## क्लाइमेट चेंज का नतीजा

बच्चो, क्लाइमेट चेंज का ही नतीजा है कि कहीं पहाड़ दरक रहे हैं तो कहीं नदियां सूख रही हैं। दुनिया के किसी कोने में ग्लेशियर पिघल रहे हैं, तो कहीं रेगिस्तान का विस्तार हो रहा है। ऐसा सब होना और तेजी से होना, वाकई चिंता की बात है। इस साल पर्यावरण दिवस पर लोगों को जागरूक करने वाला यह विषय साफ-साफ समझा रहा है कि हमारी धरती हमसे बहस नहीं करती। हमारा घर कहा जाने वाला यह प्लेनेट कोई बातचीत नहीं करता। यह सिर्फ संकेत भेजता है। ग्लेशियर पिघलने से बढ़ते समुद्र, जंगल में आग की बढ़ती घटनाएं, बेहद गरम या ठंडी हवाएं, ऐसी बहुत सी बातें बिगड़ते पर्यावरण के ही इशारे हैं। चिंता की बात है कि हम सब ऐसे सिग्नल्स की अनदेखी कर रहे हैं। हमारी प्यारी पृथ्वी द्वारा भेजे जा रहे संकेतों के प्रति नासमझ बने बैठे हैं। वर्ल्ड एनवॉयरनमेंट-डे हमारी इस लापरवाही को लेकर चेताने वाला दिन है।

## क्लाइमेट केयर है जरूरी

बच्चो, क्लाइमेट चेंज जैसी स्थिति से निपटने के लिए हमें प्रॉपर क्लाइमेट केयर करना होगा। तभी जाकर हमारा एनवॉयरनमेंट भी संतुलित और सुरक्षित रहेगा। इसके लिए तुम भी अपना योगदान दे सकते हो, बस तुम्हें अपने डेली-हैबिट्स में थोड़ा-सा बदलाव लाना होगा। पानी बचाना, फूड वेस्ट न करना, अपने कमरे से बाहर आते हुए बिजली-पंखे के स्विच बंद करना, कूड़ा-कचरा को सही जगह फेंकना, साफ-सफाई का ध्यान रखना... जैसी छोटी-छोटी बातें भी बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

बच्चो, असल में बात केवल अपनी जिम्मेदारी समझने की है। पर्यावरण सहेजने के लिए घर के छोटे-बड़े सभी सदस्यों को क्लाइमेट वॉरियर बनना होगा। आस-पास जाने के लिए पैदल चलना या साइकिल का इस्तेमाल करने से लेकर अपने साथ एक थैला लेकर चलने और प्लास्टिक से दूरी बनाने तक। सब कुछ क्लाइमेट केयर से जुड़ा है। यूनाइटेड नेशंस द्वारा तय किया गया यह दिन, पर्यावरण की सेफ्टी और स्वास्थ्य के साथ ही दुनिया भर के लोगों की भलाई से भी जुड़ा है। ऐसे में क्लाइमेट केयर करना कहीं न कहीं खुद अपनी और अपने एनवॉयरनमेंट की देखभाल करने जैसा ही है। *




### जागरूक करता खास दिन

विश्व पर्यावरण दिवस, पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता लाने से जुड़ा एक विशेष दिन है। इससे जुड़ी अवेयरनेस कैंपेन में हर साल खास थीम के साथ लोगों को जागरूक किया जाता है। इस साल का विषय क्लाइमेट चेंज से जुड़ा है। इस साल पर्यावरण दिवस 'नाउ फॉर क्लाइमेट' थीम-टैगलाइन के तहत बिना देरी किए कार्रवाई करने का संदेश लिए है। यह पृथ्वी, पर्यावरण और मौसम के बदलावों से मिल रही चेतावनी को समझने से भी जुड़ा है।

---

बच्चो, बिजली की बचत और सौर ऊर्जा का अधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत जरूरी है। सौर ऊर्जा के महत्व, उसके इस्तेमाल के साथ जानो कि तुम किन तरीकों से बिजली की बचत में अपना योगदान दे सकते हो?

# बिजली और सौर ऊर्जा का समझदारी से करो उपयोग

पहल
डॉ. दीपक कोहली



बच्चो, राजमर्रा के जीवन में हमारे चारों तरफ बिजली यानी विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल कई तरह से होता है जैसे-घर, स्कूल, पार्क, खेल के मैदान, खेल के उपकरण और छोटे-छोटे खिलौने तक में। लेकिन क्या तुम जानते हो कि पृथ्वी पर सूरज से इतनी ऊर्जा आती है कि अगर हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो बहुत सारी बिजली बचाई जा सकती है? सूर्य से मिलने वाली इस ऊर्जा को सौर ऊर्जा कहते हैं।

**क्या है सौर ऊर्जा:** सौर ऊर्जा सूरज की किरणों से प्राप्त होती है। यह स्वच्छ, प्राकृतिक और नवीकरणीय (रीन्यूएबल) ऊर्जा है। इसका मतलब है कि यह कभी खत्म नहीं होती और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाती। आजकल तो घरों, स्कूलों, स्ट्रीट लाइट और खेतों में पानी के पंप चलाने तक में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल होने लगा है।



**किस तरह करती है काम:** सूरज की किरणें जब सोलर पैनल पर पड़ती हैं, तो ये पैनल सूरज की रोशनी को विद्युत ऊर्जा में बदल देते हैं। यह बिजली घर में लाइट, पंखे और छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को चलाने में काम आती है। सोचो, अगर हर घर और स्कूल में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल इस तरह से हो, तो बिजली की कमी नहीं होगी और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा।

**सौर ऊर्जा से करो ये छोटे-छोटे प्रयोग:** बच्चो, तुम घर या स्कूल में अपने पैरेंट्स की निगरानी में या फिर टीचर की गाइडेंस से छोटे सोलर पैनल से चलने वाले खिलौने बना सकते हो। इससे तुम्हें सौर ऊर्जा के काम करने का तरीका समझ में आएगा। दोस्तों के साथ मिलकर छोटे-छोटे प्रयोग और प्रतियोगिताएं आयोजित कर सकते हो। स्कूल में, घरों में और अन्य स्थानों पर सोलर पैनल लगाने के प्रयोग दिखाकर सभी को इसके बारे में बता सकते हो। इस प्रकार तुम सब बच्चे सौर ऊर्जा के बारे में समझकर, इसका प्रयोग करके और अपनी रोजमर्रा की आदतों में बदलाव लाकर ऊर्जा की बचत कर सकते हो, पर्यावरण की रक्षा में अपना योगदान दे सकते हो।

**तुम भी बचाओ ऊर्जा:** सोलर एनर्जी के यूज को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी कंजर्वेशन यानी घरों में आने वाली विद्युत ऊर्जा की बचत करना भी जरूरी है। तुम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से ऊर्जा की बचत कर सकते हो। जैसे- जब कमरे में रोशनी की जरूरत न हो तो लाइट्स बंद कर दो। कमरे की खिड़कियों से आ रही प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करो। पंखे और टीवी जैसे इलेक्ट्रिक उपकरणों का जब इस्तेमाल नहीं करना हो तो इन्हें बंद कर दो। घर में सबके साथ मिलकर 'एक घंटा बिना बिजली' जैसी एक्टिविटी करो। अपने दोस्तों और भाई-बहनों को भी ऊर्जा बचाने के तरीकों के बारे में बताओ।

जरा सोचो बच्चो, अगर हर बच्चा अपने घर, स्कूल और आस-पास के क्षेत्र में बिजली का समझदारी से इस्तेमाल करे और सौर ऊर्जा का अधिक इस्तेमाल करे तो हमारे गांव, शहर और देश में बिजली की कितनी बचत होगी। साथ ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। *

---

तुम्हारे लिए प्रेरक किताब / विज्ञान भूषण

# पर्यावरण के प्रति हमें जागरूक बनाता उपन्यास

बच्चो, यह तो तुम जानते ही हो कि इस समय पूरी दुनिया पर पर्यावरण का संकट मंडरा रहा है। इस संकट को दूर करने में केवल बड़े ही नहीं बच्चे भी अपने स्तर पर प्रयास कर सकते हैं, लोगों में जागरूकता फैला सकते हैं। बाल उपन्यास 'हरियाली की ओर' भी कुछ ऐसा ही संदेश देता है। इसकी लेखिका प्रसिद्ध बाल साहित्यकार मीनू त्रिपाठी हैं, जिन्हें इस पुस्तक के लिए 'हरिकृष्ण देवसरे बाल साहित्यकार सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया है।



इस उपन्यास की मुख्य पात्र वंशिका है, जो समझदार होने के साथ थोड़ी चंचल भी है। वह बहुत अच्छी एक्टिंग कर लेती है। इसीलिए थोड़ी नाराजगी के बावजूद नाटक मंचन का आयोजन करने वाले नीलेश सर, उसे स्कूल के समारोह में होने वाले नाटक (सिर सांठें रूंख..) के मंचन में अमृता देवी (जिन्होंने करीब तीन सौ साल पहले राजस्थान के खेजड़ली गांव में पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपनी तीन बेटियों के साथ बलिदान दे दिया था) की मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिलता है। वंशिका के पापा और मम्मी भी उसे पर्यावरण संरक्षण के बारे में वन के महत्व और चिपको आंदोलन जैसी बहुत सी बातें बताते हैं, उसे प्रेरित करते हैं। कई भावुक और रोमांचक घटनाओं के साथ अंत में वंशिका बड़े साहस से अपने पापा को भी एक मुसीबत से बचाती है। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रोचक तरीके से प्रस्तुत करता यह उपन्यास बच्चो, तुम्हें जरूर पसंद आएगा और अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रेरित भी करेगा। निश्चित ही इससे तुम भी अपने आस-पास के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करोगे। *

**किताब :** हरियाली की ओर (बाल उपन्यास), **लेखिका :** मीनू त्रिपाठी, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** प्रकाशन विभाग, नई दिल्ली

---

## जीके क्विज-208

1. हरे पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में कौन-सी गैस उत्पन्न करते हैं?
2. पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन किसके नेतृत्व में शुरू किया गया था?
3. ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण कौन-सी गैस को माना जाता है?
4. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य की पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
5. अम्ल वर्षा किन गैसों के कारण होती है?
6. आईपीएल-2026 का फाइनल मैच किस टीम ने जीता?
7. आईपीएल के एक ही सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का नया रिकॉर्ड किस भारतीय क्रिकेटर ने बनाया?
8. हाल ही में भारत का पांचवां पूर्ण साक्षर राज्य कौन बना है?
9. किस देश को हजारों झीलों का स्थान कहा जाता है?
10. भारतीय सशस्त्र बलों के नए सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन बनाए गए हैं?



बच्चो, जीके क्विज-208 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-207 का उत्तर :** 1. दिल्ली, 2. यांग शुआंग जी, 3. केरल, 4. 21 जून, 5. यमुना, 6. कामी रीता शेरपा, 7. तारापुर, 8. डायबिटीज, 9. अमेजन वर्षा वन, 10. मध्य प्रदेश

**जीके क्विज-207 का सही उत्तर देने वाले :** पूरब-बिलासपुर, मोनू-गरियाबंद, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, जिया शिया-रायगढ़, कुणाल-रायपुर, तान्या-दुर्ग, सचिन-बालोद, हर्ष-महासमुंद, कबीर-हिसार, राजन-रायगढ़, अंकित-कटनी

---



कहानी
डॉ. विमला भंडारी

मुन्ना एक दिन तेज गर्मी से बेहाल था। बिजली भी नहीं आ रही थी, जो उसे पंखे, एसी की हवा में राहत मिलती। मम्मी गर्मी की तेज धूप में उसे बाहर भी नहीं जाने दे रही थीं। मुन्ना को जब मम्मी ने इस भीषण गर्मी की वजह बताई तो उसने जो कोशिश की, वह कोशिश पर्यावरण संरक्षण के लिए हर बच्चे को करनी चाहिए।

# प्रकृति से दोस्ती

दोपहर में मुन्ने का जो रोना शुरू हुआ, थमने का नाम ही नहीं ले रहा था। गर्मी ने उसकी हालत खराब कर दी थी। उसका छोटा-सा चेहरा लाल हो गया था। पसीना बालों से टप-टप पानी की तरह गिर रहा था। वह बार-बार अपने नन्हे हाथ चेहरे पर ले जाकर पसीना पोंछता और रोते हुए कहता, 'उऊं मां... बहुत गर्मी लग रही है... अब क्या करूं, कहां जाऊं... इस गर्मी से कैसे छुटकारा पाऊं? तुम बाहर भी नहीं निकलने देतीं... बिना दोस्तों के कैसे मन बहले?'

मां ने मुन्ना को गोद में उठाया और प्यार से सहलाते हुए बोलीं, 'चुप हो जा बेटा... लाइट भी चली गई है। देख, पंखा भी बंद है, फ्रिज भी... ऐसी गर्मी में तो...।'

'...तुम तो मुझे ठंडा पानी ही ला दो। जरा मुंह धो लूं और पी भी लूंगा।' मुन्ना बीच में ही बेचैन स्वर में बोला।

'अब ठंडा पानी कहां से लाऊं?' मां मुन्ने की तरफ देखते हुए बोलीं। पास में बैठा डॉग रॉकी भी हांफ रहा था। उसकी जीभ बाहर लटक रही थी। मुन्ना उसे देखकर बोला, 'मां, रॉकी को देखो, इसको क्या हो गया है? इसने क्यों जीभ बाहर निकाल रखी है? क्या इसको भी बहुत गर्मी लग रही है... यह भी मेरी तरह खेलने नहीं जा पा रहा...।'

मां ने गहरी सांस ली और बोलीं, 'बेटा, यह सिर्फ गर्मी नहीं है, यह तो हमारी गलती का नतीजा है।'



एआई इमेज

मुन्ना थोड़ी देर के लिए चुप हो गया। उसने मां को देखा, मां आसमान की ओर इशारा कर रही थीं। मुन्ना ने आसमान की ओर देखा, सूरज आग उगल रहा था। उसने पूछा, 'मां, क्या सूरज गुस्सा है?'

मां हंसी फिर बोलीं, 'सूरज गुस्सा नहीं है बेटा... लेकिन हमने धरती को इतना बदल दिया है कि अब गर्मी ज्यादा लगने लगी है। जब मैं छोटी थी, तब हमारे घर में बड़ा-सा आंगन होता था। उसमें नीम और आम के पेड़ होते थे। उनकी छांव इतनी ठंडी होती थी कि बिजली से चलने वाले पंखे की जरूरत ही नहीं पड़ती थी। एसी और कूलर तो थे ही नहीं। केवल हाथ से चलने वाली छोटी पंखी होती थी। उसकी जरूरत भी कभी-कभी पड़ती थी।'

मां मुन्ने को पंखी की कहानी सुनाने लगीं कि वह कैसे धागे से कशीदा करके सुंदर-सुंदर पंखियां बनाती थीं। गर्मी को भूल कहानी में डूबे मुन्ना ने हैरानी से पूछा, 'क्या.. सच मां? फिर पानी ठंडा कैसे होता था? क्या उसको भी पंखी से हवा करते थे?'

मां ने पास रखी एक पुरानी मटकी की ओर इशारा किया, 'ऐसी ही मटकी में पानी रखते थे। इसमें पानी ठंडा रहता था। चाहे कितनी भी गर्मी हो, मटकी में हमेशा ठंडा पानी मिलता था। खूब ठंडे पानी के लिए गीला कपड़ा मटकी के चारों ओर लपेट देते थे और पेड़ की छाया के नीचे गीली मिट्टी में रख देते थे। इससे तो मटकी से बहुत ही ठंडा पानी मिलता था। मेरे ननिहाल में तो रात को पलंग के पास सुराही में पानी भरकर रखते थे।' 'यह सुराही क्या होती है मां?' मुन्ना ने आंखें झपकाते हुए पूछा।

'सुराही मिट्टी की बनी होती है। तुम्हारी वाटर बॉटल की तरह होती थी। इसमें भी मटकी की तरह बड़ा ठंडा पानी मिलता था। सब मिट्टी और पेड़ की माया थी।' मां मुन्ने को समझाते हुए बोलीं। मुन्ना धीरे-धीरे शांत होने लगा। उसने रॉकी की ओर देखा, वह भी कान खड़े किए मानो ठंडे पानी और ठंडी छाया की बात शांत मन से सुन रहा था। मुन्ना बोला, 'मां, अगर हम भी पेड़ लगाएंगे तो क्या फिर ठंडी छांव मिलेगी?'

मां के चेहरे पर हल्की मुस्कान आ गई, 'हां, बेटा, बिल्कुल मिलेगी। अगर हम पेड़ लगाएंगे, पानी बचाएंगे और प्रकृति का ध्यान रखेंगे, तो गर्मी भी कम लगेगी।'

अगले ही दिन, मुन्ना ने शावर नहीं चलाया और बाल्टी में पानी भर के नहाया। उसने बेसिन का नल भी खुला नहीं रखा, मुंह-हाथ धोने के बाद नल बंद कर दिया। मां बोली, 'आज गमले में एक पौधा लगाएंगे।'

'मां क्या आम का पेड़ लगाएंगे?' मुन्ना ने उत्साह से पूछा।

मां हंसते हुए बोलीं, 'हमारे घर अब छोटे हो गए हैं। यहां आम का पेड़ नहीं लगा सकते, पर गमले में किसी बेल का पौधा जरूर लगाएंगे, जो चारों तरफ बालकनी में फैल जाएगी और फिर हमें थोड़ी छाया और ठंडी हवा देगी। अगर तुम्हें पेड़ लगाना है तो घर के बाहर खाली मैदान में लगा सकते हो।' मुन्ने ने घर की बालकनी में गमले में बेल तो लगाई ही, मां के साथ मिलकर घर के बाहर की जमीन एक छोटा-सा पौधा लगाया। मुन्ना रोज उसे पानी देता और रॉकी उसकी रक्षा के लिए उसके पास बैठा रहता। कुछ दिनों बाद वह पेड़ बड़ा हो गया। मुन्ना ने मां से कहा, 'अब तो यह बड़ा होकर हमें छाया देगा ना!'

मां ने उसे गले लगाते हुए कहा, 'हां बेटा, यह पेड़ सिर्फ तुम्हारी पीढ़ी को ही नहीं, तुम्हारी अगली पीढ़ियों को भी छाया देगा। तुमने पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की है। बेटा, तुमने एक बड़ा काम किया है।'

मुन्ना खुश था। अब उसे समझ आ गया था कि गर्मी से लड़ने का असली उपाय पंखा-एसी-फ्रिज नहीं, बल्कि प्रकृति से दोस्ती है। इस धरती और पर्यावरण को बचाना है, तो निरंतर हमें पेड़ लगाने होंगे। *

---

कविता
डॉ. उमेश चंद्र सिरसवारी



एआई इमेज

## मिलकर पर्यावरण बचाएं!


धरती मां की सुनो पुकार,
पेड़-पौधों से करो प्यार।
नदियां कहतीं, जल बचाओ,
आओ बच्चो कदम बढ़ाओ।
चिड़िया गाए, पवन मुस्काए,
हरी-भरी धरती हर्षाए।
सब मिलकर पौधे लगाएं,
सुंदर अपना भविष्य बनाएं।
कूड़ा न फेंकें इधर-उधर,
स्वच्छ रखें हर गली-डगर।
जल हो निर्मल शुद्ध हवा हो,
प्रदूषण कहीं भी न जरा हो।
धरा के रक्षक बनें सब बच्चे,
काम करें हम अच्छे-अच्छे।
गाएं, खेलें, हाथ मिलाएं,
सब मिलकर पर्यावरण बचाएं!

---


## रंग भरो-203

**रंग भरो-203** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**वर्णिका, खैरागढ़**



मान्या, बिलासपुर



साक्षी, दुर्ग



तन्मय, महेंद्रगढ़



श्रेया, दुर्ग



दीक्षांत, रायपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, साक्षी-रायपुर, सिद्धि-राजनांदगांव, सौम्या-बालोद, साक्षी-रायपुर, आशुतोष-इंदौर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कोमल-जांजगीर, श्वेता-कटनी, अदिति-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हेमंत-करनाल, सपना-बिलासपुर

## रंग भरो 204



बच्चो, इस चित्र में पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनी नया पौधा लगा रही है। इस तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



### दो सब इंस्पेक्टरों को पदोन्नति

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक दीपक ने एसआई सज्जन सिंह व एसआई लक्ष्मी नारायण को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिलने उपरांत उनके कंधे पर स्टार लगाकर बधाई दी। यह दोनों पुलिस कर्मचारी वर्ष 1988 में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। निरीक्षक लक्ष्मी नारायण का अधिकतर कार्यकाल पलवल व रेवाड़ी का रहा है। वर्तमान में थाना अटेली के प्रभारी के रूप में तैनात सज्जन सिंह अपनी कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत अब विभागीय पदोन्नति पाकर पुलिस निरीक्षक बन गए हैं।

### फर्जी प्रमाण पत्र का दावा कर सरपंच ने की शिकायत

**नारनौल।** गांव खटोटी खुर्द की सरपंच का आरोप है कि एक सोलर प्लांट है। उसने फर्जी प्रमाण पत्र बनाया है, उस पर सरपंच की मोहर व हस्ताक्षर भी किए है। इसी शिकायत को लेकर सरपंच ने एसपी को शिकायत की है। सरपंच ज्योति ने शिकायत में बताया है कि उसके गांव में एक सोलर प्लांट लगाया गया है जिसकी लाइन सोलर प्लांट से होकर गांव के पावर हाउस तक आनी है और इससे सम्बन्धित एक फर्जी प्रमाण-पत्र बनाया गया है, जिस पर सरपंच की मोहर व हस्ताक्षर भी किए हुए हैं, जो सरासर गलत एवं फर्जी है।
यह कि उक्त फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर उक्त सोलर प्लांट के संचालक ने एक एस्टीमेट बिजली निगम से बनवाया है।

### आईटीआई सुजापुर में 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुजापुर में शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया दो जून से शुरू हो चुकी है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी विनोद खनगवाल ने बताया कि अभ्यार्थी 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पोर्टल पर किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान में कंप्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर, फिटर, इलेक्ट्रिशन, सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल, हेल्थ सनेटरी इन्स्पेक्टर, स्टेनो हिन्दी, मशीनीष्ट, टर्नरए रेफ्रीजरेशन एण्ड एयरकंडीशनिंग व्यवसायों में कुल 236 सीटों पर दाखिला होने हैं।

### बकरी पालन लाभ का व्यवसाय : यादव

**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में वीरवार पंजाब नेशनल बैंक के जिला मुख्य अग्रणी प्रबंधक जेपी यादव एवं लेखा परीक्षक अजय यादव ने बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला मुख्य अग्रणी प्रबन्धक ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बकरी पालन व्यवसाय एक लाभ का व्यवसाय है, यह गरीब आदमी का एटीएम है। इसे रोजगार के रूप में अपनाकर आमदनी बढ़ा सकते हैं।

## आयुर्वेदिक कॉलेज को मिली 134 करोड़ की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नारनौल व नांगल चौधरी के लिए अच्छी खबर है। नारनौल में स्थित बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज पटीकरा के विकास के लिए लगभग 134 करोड़ रुपये मंजूर हुए है। इस राशि में छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग अलग छात्रावास, चिकित्सकों व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल, टीचिंग फार्मेसी तथा आधुनिक लेक्चर हॉल के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं दूसरी तरफ नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक हेल्थ सेंटर तैयार होगा।

# नांगल चौधरी में 11.65 करोड़ से तैयार होगा हेल्थ सेंटर

आयुर्वेदिक कॉलेज में छात्र व छात्राओं के अलग-अलग तैयार होंगे छात्रावास, चिकित्सक व स्टाफ के लिए आवासीय भवन, बहुउद्देशीय हॉल सहित टीचिंग फार्मेसी व आधुनिक लेक्चर हॉल भी बनेगा

**ग्रामीणों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही सरकार : आरती राव**



**नारनौल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने और ग्रामीणों तक बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने को लगातार कार्य कर रही है। यह जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि नांगल चौधरी क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए सरकार ने लगभग 11 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से एक नए और अत्याधुनिक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वस्थ हरियाणा] समृद्ध हरियाणा के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इस नए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के निर्माण से नांगल चौधरी और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब यहां के नागरिकों को छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज और आधुनिक जांचों के लिए दूरदराज के बड़े शहरों या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इस केंद्र के बनने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि लोगों का पैसा भी बचेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त व सुलभ बनाना है। यह चिकित्सा केंद्र पूरी तरह आधुनिक सुविधाओं और उपकरणों से लैस होगा, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ समय पर मिलना शुरू हो सके।

### विधायक ओमप्रकाश यादव ने जताई खुशी



विधायक ओमप्रकाश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विशेष प्रयासों से आयुर्वेदिक शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का क्षेत्र की जनता तथा महाविद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोरियावास मेडिकल कॉलेज का विकास हो, बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज को सुदृढ़ करना हो, नारनौल के नागरिक अस्पताल की क्षमता 100 बेड से बढ़ाकर 200 बेड करना हो अथवा अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करना हो, सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इससे क्षेत्र के लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

### बावल और धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्रों में लगी थी भीषण आग

# हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने पांच विभागों के अधिकारियों से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

19 मई को बावल व धारूहेड़ा की दो औद्योगिक इकाईयों में लगी भीषण आग के मामले में हरियाणा मानवाधिकार आयोन ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पांच विभागों से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तारीख तय की गई है। आयोग ने इन घटनाओं को केवल औद्योगिक दुर्घटना नहीं, बल्कि श्रमिकों के जीवन, सुरक्षा और मानवाधिकारों से जुड़ा गंभीर विषय माना है।

बावल के सेक्टर-5 स्थित जीएलएस स्पेशियलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में गत 19 मई को अचानक आग लग गई थी। आग इतनी भीषण थी कि दो कर्मचारी इसमें जिंदा दफन हो गए थे। 6 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनमें से एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था। प्रशासन को आगजनी के बाद बठिंडा से एनडीआरएफ की टीम तक बुलानी पड़ी थी। इसी दिन धारूहेड़ा के पास एक इलेक्ट्रिक स्कूटी बनाने वाली फैक्ट्री में भी भीषण आग लगी थी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव की शिकायत एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित रिपोर्टों के आधार पर दर्ज शिकायत पर सुनवाई करते हुए



19 मई को बावल कंपनी में लगी आग का फाइल फोटो।

आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने जिला प्रशासन सहित पांच विभागों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। आयोग की ओर जारी पत्र के अनुसार 19 मई को बावल की जीएलस स्पेशियलिटी केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में भीषण आग लगी थी। यह इकाई प्रिंटिंग इंक एवं केमिकल निर्माण का कार्य करती है। समाचार रिपोर्टों के अनुसार आग कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर गई क्योंकि फैक्ट्री परिसर में ज्वलनशील रसायनों का भंडारण था। आग के दौरान कई धमाके हुए और कई किलोमीटर दूर तक काला धुआं दिखाई देता रहा। घटना में छह कर्मचारी झुलस गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई गई थी। आग बुझाने के लिए विभिन्न जिलों से 35 से अधिक दमकल वाहनों को बुलाना पड़ा था। उस समय फैक्ट्री में लगभग 225 कर्मचारी थे।

#### अग्निशमन प्रणाली को लेकर दिखाई गंभीरता

धारूहेड़ा की कंपनी में आग से किसी की जान नहीं गई, लेकिन बड़ी संख्याा में मशीनरी, इलेक्ट्रिक स्कूटर और अन्य औद्योगिक संसाधनों को नुकसान पहुंचा। आयोग ने विशेष रूप से उन रिपोर्टों का उल्लेख किया है जिनमें कहा गया कि फैक्ट्री हाल ही में नए भवन में शिफ्ट हुई थी और वहां अग्निशमन प्रणाली एवं जल भंडारण व्यवस्था पूरी तरह स्थापित होने से पहले ही उत्पादन कार्य शुरू कर दिया गया था। यदि यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह अनिवार्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का मामला बन सकता है।

#### अग्निशमन कर्मियों की कमी पर चिंता

आयोग ने विशेष चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाचार रिपोर्टों में फैक्ट्री में प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की कमी का उल्लेख किया गया है। जबकि वहां आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम होने की बात कही गई, लेकिन प्रशिक्षित आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम के अभाव में आग पर समय रहते नियंत्रण नहीं पाया जा सका। घटना के बाद कुछ कर्मचारियों के लापता होने, भवन के हिस्से ढहने और एनडीआरएफ की तैनाती जैसी बातों को भी आयोग ने गंभीर माना है।

#### टॉक्समो स्कूटर्स फैक्ट्री भी जांच के घेरे में

आयोग ने उसी दिन धारूहेड़ा के आलमगीरपुर-राजपुरा क्षेत्र में स्थित टॉक्समो स्कूटर्स की इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माण इकाई में लगी आग का भी संज्ञान लिया है। रिपोर्टों के अनुसार आग फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर लगी और प्रारंभिक आशंका बैटरियों में विस्फोट की जताई गई। बैटरियों, रबर ट्यूबों और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से पूरे परिसर में फैल गई। आग बुझाने के लिए लगभग दस दमकल गाड़ियों को लगाया गया और देर रात तक राहत कार्य चलता रहा।

#### श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर सजगता

सुरक्षित कार्यस्थल पर काम करना प्रत्येक श्रमिक का संवैधानिक अधिकार है और यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन के अधिकार का अभिन्न हिस्सा है। रसायन, बैटरी एवं अन्य खतरनाक पदार्थों से जुड़े उद्योगों में नियमित सुरक्षा ऑडिट, प्रशिक्षित आपदा प्रतिक्रिया दल, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन आवश्यक है।

#### इन विभागों से आयोग ने मांगा जवाब

- डीसी से दोनों घटनाओं की तथ्यात्मक स्थिति, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रशासनिक कार्रवाई की जानकारी।
- एसपी से एफआईआर/डीडीआर, जांच की वर्तमान स्थिति तथा जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई का विवरण।
- सहायक निदेशक, औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य से सुरक्षा मानकों के अनुपालन, निरीक्षण रिपोर्ट और पाई गई कमियों की जानकारी।
- सहायक श्रम आयुक्त झ्र प्रभावित श्रमिकों को दी गई सहायता, मुआवजा तथा श्रम कानूनों के पालन की स्थिति।
- फायर सेफ्टी अधिकारी से फायर एनओसी, अग्निशमन संसाधनों की उपलब्धता, निरीक्षण में मिली कमियां और की गई कार्रवाई का विवरण।

## राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटान करें



रेवाड़ी। राजस्व विभाग से संबंधित कार्यो की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

- डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों को रिकॉर्ड रूम इंतकाल और पेपरलेस रजिस्ट्री को लेकर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस मौके पर डीसी ने अधिकारियों को राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग से जुड़े ततीमा अपडेटेशन, मॉर्डन राजस्व रिकॉर्ड रूम, इंतकाल व पेपरलेस रजिस्ट्री सहित अन्य कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को पारदर्शी व सुगम राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ततीमा अपडेशन बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे संबंधित विभागीय अधिकारी गंभीरता से लेते हुए कार्य पूरा करें। उन्होंने लंबित पार्टिशन व इंतकालों को भी जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।

#### पेपरलेस सिस्टम लागू किया गया

डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने नागरिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से पेपरलेस सिस्टम लागू किया गया है। उन्होंने पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का समयबद्ध निपटान करते हुए पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल संजीव कुमार, डीआरओ प्रदीप देशवाल, सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मांगों को लेकर जुलाई में मंत्री आवासों का घेराव

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक में फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक वीरवार को जनस्वास्थ्य विभाग स्थित यूनियन कार्यालय में प्रधान शमशेर सिंह ने की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव सुनील ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष राहुल हुड्डा, मुख्य संगठन कर्त्ता योगेश शर्मा व उपप्रधान अफलातुन जाखड़ ने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ के



रेवाड़ी। कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी यूनियन के नेता।

आगामी कार्यक्रमों को पूर्ण रूप से लागू करने, कॉमन कैडर कर्मचारियों को पदोन्नत्ति का लाभ देने, जनस्वास्थ विभाग के कार्य एवं रखरखाव पंचायतों को देने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने एवं दोनों मंत्रियों की ओर से दिए गए आश्वासन पर सकारात्मक कदम न उठाने के विरोध में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई है। राज्य कोषाध्यक्ष हुड्डा व राज्य मुख्य संगठन कर्ता ने बताया कि राज्य कि तमाम ब्रांचे 10 जून तक अपनी अपनी ब्रांचों की आमसभा करें। इसके बाद राज्य में कार्यरत्त सभी ब्रांचे अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी कार्यकारी अभियंताओं को अतिरिक्त मुख्य सचिव के नाम 15-16 जून को मांग पत्र देने का कार्य करेंग। इसके बाद 4 जुलाई को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मंत्री और 18 जुलाई को लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री के आवास के घेराव किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने कहा कि अगर मंत्री कोई ठोस सकारात्मक कार्रवाई नहीं करते है तो मौके पर ही राज्य कमेटी अपनी मीटिंग करके आगे के आंदोलन का फैसला करेगी। इस मौके पर ब्रांच कमेटी के सचिव अंकित कुमार, सहसचिव सुनील कुमार, खंजांची अमित कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान नवीन कुमार, शेर सिंह व रघुवीर सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## लोक निर्माण मंत्री ने जिला विकास एवं निगरानी कमेटी के साथ की बैठक

- बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा, मंत्री ने दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने वीरवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला विकास एवं निगरानी कमेटी के साथ बैठक की। मंत्री ने वर्ष 2026-27 में जिला के विकास के लिए कमेटी को स्वीकृत करीब 14.20 करोड़ की राशि को जनसंख्या के आधार पर सभी खंडों व नगर निकायों में विकास कार्यों के लिए खर्च करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि जिले के विकास के लिए स्वीकृत स्वीकृत इस राशि को प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों में खर्च किया जाए।



रेवाड़ी। जिला विकास एवं निगरानी कमेटी की बैठक लेते लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कमेटी को विकास कार्यों पर निगरानी रखने और लगातार समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पिछले वित्त वर्ष में स्वीकृत किए गए विकास कार्यों की भी समीक्षा की। इस अवसर पर विधायक कोसली अनिल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली, डीसी अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी व जिला योजना अधिकारी देवीदास सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीएम ने जाना प्रो. शर्मा का कुशलक्षेम



महेंद्रगढ़। मुख्यमंत्री पूर्व शिक्षा मंत्री के आवास पर उनके कुशलक्षेम जानते हुए।

महेंद्रगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला स्थित अमरावती एंक्लेव निवास पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ नेता के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पूर्व मंत्री और उनकी धर्मपत्नी बिमला शर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर तथा शॉल ओढ़ाकर मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत व सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रामबिलास शर्मा के लंबे राजनीतिक अनुभव की सराहना करते हुए संगठन की मजबूती के लिए उनके मार्गदर्शन को अत्यंत मूल्यवान बताया। वहीं, पूर्व शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री की इस सहृदयता और संवेदनशीलता के लिए उनके प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

### प्रशिक्षण शिविर में जिला बाल कल्याण अफसरों को तकनीक फ्रेंडली बनाने पर चर्चा

# भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी

*कार्यालय में उचित पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने पर जोर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आस्था-कुंज परिसर में जिला बाल कल्याण अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने कहा आज के तकनीकी युग में अधिकारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से कुशल






रेवाड़ी। कार्यक्रम में जानकारी देते विरेन्द्र यादव व निरीक्षण के दौरान युवाओं से मिलते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

बनाया जाएगा। शिविर में परिषद के जिला शाखा के बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर जिलों में चल रही गतिविधियों को गतिविधियां बढ़ाने पर विचार-किया गया। बाल कल्याण अधिकारी विरेन्द्र यादव ने सभी जिला बाल कल्याण अधिकारियों का स्वागत किया व जिला बाल कल्याण परिषद के ऑनलाइन पोर्टल की जानकारी दी। बाल कल्याण अधिकारी मुख्यालय सरोज मलिक ने परिषद की प्रशिक्षण नीति बारे में जानकारी दी। राकेश कुमार यादव सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि सभी को ऑफिस में उच्च स्तरीय नैतिकता, शिष्टाचार एवं नवाचार का पालन करना चाहिए। एडवोकेट राजेन्द्र सिंह ने बाल कल्याण परिषद के कानूनी प्रावधानों को समझाया। शंकर सिंह सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कमांडेंट ने कार्यालय में उचित पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। आरके श्योराण ने कार्यालय प्रणाली को समझाया। अनिल कुमार शर्मा मुख्य लेखा अधिकारी ने वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी। शिविर के दौरान राज्य भर के जिला बाल कल्याण अधिकारियों को बाल भवन का भ्रमण कराकर परिषद की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई।

### मंत्री रणबीर गंगवा ने ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में सुनीं लोगों की शिकायतें

# अधिकारी कार्यालय में बैठने के बजाय फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें: मंत्री




रेवाड़ी। अधिकारियों से शिकायत की जानकारी लेते मंत्री रणबीर गंगवा तथा बैठक में अपनी समस्या रखते हुए नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अगर विभागों के अधिकारी जन शिकायतों का अपने स्तर पर समय पर समाधान कर दें तो लोगों को ग्रीवेंस कमेटी तक आने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की हरियाणा सरकार का भी यही प्रयास है कि आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निराकरण किया जाए। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में 6 पुराने लंबित व 8 नए परिवाद रखे गए, जिनमें से 10 परिवादों का मौके पर समाधान किया गया तथा 4 परिवाद पेंडिंग रहे। मंत्री गंगवा ने कहा कि हरियाणा में पेयजल की किल्लत नहीं होने दी जाएगी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने शहर में जलभराव और सीवर ओवरफ्लो की समस्या पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को मानसून से पहले सभी नालों की सफाई के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सीवर सफाई के लिए 275 सुपर सकर मशीनें खरीदी हैं, जिन्हे प्रत्येक जिले में भिवाया जा रहा है।

## इन परिवादों पर की गई सुनवाई

मंत्री रणवीर गंगवा ने सुनवाई के दौरान कई अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर असंतुष्ट नजर आए। कोसली में 230 वर्ग गज के एक प्लॉट से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री ने डीटीपी मंदीप सिहाग को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी केवल कार्यालय में बैठने के बजाय फील्ड में जाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने एचएसवीपी के अधिकारी के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया। मंत्री ने एडीसी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली बैठक में, जिसकी भी गलती पाई जाएगी, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अंसल टाउनशिप के 10 घरों को बिजली कनेक्शन न मिलने की शिकायत पर मंत्री ने बिल्डर को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि यदि 15 दिनों के भीतर बैंक गारंटी जमा नहीं की जाती है, तो बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। सुनवाई के दौरान अनाज मंडी निवासी संतोष देवी ने बताया कि हुडा सेक्टर-4 में उसे प्लाट का कब्जा मिल चुका है और उसने चार दीवारी भी करा दी है। अब जब मकान का निर्माण करना था तो एचएसवीपी ने उसका नक्शा पास नहीं किया और कहा कि इस एरिये का प्लान बदल दिया गया है। मंत्री ने डीसी को निर्देश दिए कि मामले का निपटारा शीघ्र कराया जाए। सेक्टर-19 निवासी मनजीत कुमार ने शिकायत रखी कि उसका 6 मरले का प्लाट है, जिसके आगे करीब दस मीटर लंबी दीवार खींच दी गई है, इसे तुरंत हटवाया जाए। कोसली निवासी भतेरी देवी ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका संजीवनी हॉस्पिटल के पास प्लाट है। इस कॉलोनी को सरकार ने वैध कर दिया है। अब वे प्लाट बेचने लगे तो पता चला कि डीटीपी विभाग के रिकॉर्ड में उनके प्लाट को रास्ते में दिखा दिया है।

## ये रहे मौजूद

बैठक में कोसली विधायक अनिल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली, महामंत्री हिमांशु पालीवाल, नप चेयरपर्सन विनीता पीपल, डीसी अभिषेक मीणा, एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रहप्रकाश, सीएमओ डा. नरेन्द्र दहिया, एसडीएम बावल संजीव कुमार, एसडीएम कोसली विजय यादव, डीआरओ प्रदीप देशवाल, सीटीएम जितेंद्र कुमार व बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता प्रदीप चौहान सहित सभी विभागों के अधिकारी, ग्रीवेंश कमेटी के सदस्य व भाजपा नेता उपस्थित थे।

## न्यूज डायरी



### पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक: सरपंच

कोसली। श्याम नगर गांव में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। सरपंच जिलेसिंह ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में हर वर्ष कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सचिव एकता यादव, सीपीएलओ प्रदीप, अधिवक्ता जगदेव, जय प्रकाश प्रधान, जय सिंह, नरेश पंच, सोमदत्त, ताराचंद,बलबीर, रणधीर, डिपो होल्डर पंडित विजेंद्र , नरेश साहब, मास्टर संजीव, नरेश, अनिल तथा उमेद सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



### समाधान शिविर में मौके पर ही बनवाई विधवा पेंशन

रेवाड़ी। एडीसी राहुल मोदी ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं रखी। इनमें से कई समस्याओं की मौके पर ही समाधान किया गया। गांव माढैया खुर्द में खेत से मिट्टी उठाने की शिकायत पर एडीसी ने माईनिंग विभाग के अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। गांव नांधा में कुंए को ढकवाने की शिकायत पर डीडीपीओ को निर्देश दिए गए, वहीं गांव बलवाड़ी निवासी सीमा देवी की विधवा पेंशन मौके पर बनवाई गई। इस अवसर पर एसडीएम सुरेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## नीट परीक्षा रद्द होने और सीबीएसई परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में सामाजिक संगठनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन एआईडीवाईओ सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों व नागरिकों की ओर से वीरवार को नीट परीक्षा रद्द होने के विरोध, सीबीएसई परीक्षा में हुई धांधली, शिक्षा मंत्री भारत सरकार के इस्तीफा के मांग, केंद्र एवं राज्य सरकार के खाली पदों को भरने, सटायर कॉकरोच जनता पार्टी पर अंकुश लगाने तथा रोजगार को संविधान में मौलिक अधिकार बनाने के मुद्दों को लेकर ब्रास मार्केट में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर नीट परीक्षा रद्द होने की वजह से मृतक परीक्षार्थियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व अजय सिंह, सुरेंद्र कुमार रोहिल्ला व सोमेंद्र ने किया। इस मौके पर कामरेड राजेंद्र सिंह, खेमचंद, हेमंत पिलानी, हरिओम, संजय शर्मा, कैलाशचंद, धर्मबीर बल्ड़ोदिया, राजकुमार जलवा, गोविंद, संदीप, प्रदीप, सूबे सिंह, करतार सिंह, संतोष सुमन देवी व रणबीर सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि देश-प्रदेश का युवा दुखी और परेशान है। उनके जीवन को बर्बाद किया जा रहा है। छात्रों को उनकी मेहनत का फल नहीं मिल रहा है। साजिश पूर्ण तरीके से उनके करियर को चौपट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी इस कदर व्याप्त है कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को चतुर्थ श्रेणी की नौकरी भी नहीं मिल रही है। भारत में बड़े पैमाने पर युवा डिप्रेशन के शिकार होकर आत्महत्या कर रहे है, इसकी जिम्मेदार केंद्र एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियां है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी का कारण पूंजीवादी व्यवस्था है, इस व्यवस्था से सवाल करने की बजाय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच एवं परजीवी कहते है तो मामला और गंभीर हो जाता हैं।

### यादव सभा का निःशुल्क हेल्थ कैंप रविवार को

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 7 जून को सुबह 9 से 11 बजे तक गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम फेफड़े व श्वसन तंत्र, हड्डी रोग, सर्जरी, नेत्र रोग व ईएनटी में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसके अलावा फिजियोथेरेपी में भी फ्री कंसल्टेंसी सुविधा दी जाएगी।

## भाकियू यूनियन ने ट्रेड डील के विरोध में अमेरिका शिष्ट मंडल का फूंका पुतला



रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने वीरवार को लघु सचिवालय के सामने अमेरिका के शिष्ट मंडल का पुतला फूंककर विरोध जताया। यूनियन के प्रधान समय सिंह प्रधान ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो रही है, जिसको लेकर अमेरिका से कए शिष्ठ मंडल भारत आया हुआ है। ये शिष्ट मंडल भाजपा सरकार पर दबाव बनाकर ट्रेड डील का समझौता मंजूर कराना चाहता है। अगर यह समझौता मंजूर हो गया तो भारत के किसानों व मजदूरों और डेयरी व्यापारियों का भारी नुकसान होगा, क्योंकि 18 पर्सेंट टैक्स से यहां से माल जाएगा और 0 प्रतिशत टैक्स से अमेरिका से यहां पर माल आएगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका से जो गाय भारत आएगी। उसके लिए चारा भी अमेरिका से ही आएगा। उन्होंने कहा कि अगर ये ट्रेड डील मंजूर होती तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी मजदूरों के साथ मिलकर रोड जाम करेगी। उन्होंने सरकार की ओर से शुरू की गई खाद वितरण की नई प्रणाली का भी विरोध किया। इस मौके पर संगठन का विस्तार करके सुजाता काठूवास को यूनियन का ब्लॉक प्रधान बनाया गया। इस मौके पर राजेंद्र कुमार गेरा, महिला जिला प्रधान मुन्नी बूढ़पुर, मनीषा यादव बोड़यि कमालपुर, ओपी लोहाणा, वेद सुल्तानिया, राजकुमार एससी सैल, कमल किशनगढ़, रोशनलाल दरोगा, नीलम मूंदड़ा, सुमन चौहान व ममता यादव सहित अनेक किसान नेता मौजूद थे।

## पीएचसी में लिंगानुपात सुधार पर बैठक घर-घर चलेगा जागरूकता अभियान



रेवाड़ी। लिंगानुपात में सुधार और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. नवीन कुमार शर्मा ने की। बैठक का संचालन स्वास्थ्य पर्यवेक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने किया। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अशोक कुमार, नीतेश, कवर सिंह व पुष्पेंद्र्र सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे। इस मौके पर डा. शर्मा ने स्वास्थ्यकर्मियों को गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण कर प्रसव पूर्व नियमित जांच करने के निर्देश दिए। बैठक में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दंपतियों को बेटा-बेटी में भेद न करने, संस्थागत प्रसव और बच्चों के टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगी। जन्म के समय लिंगानुपात का मासिक रिकॉर्ड रखा जाएगा। गिरावट वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलेगा। अवैध लिंग परीक्षण कराने या कराने वालों की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दी जाएगी। बैठक में राजीव कुमार, भवानी सिंह, विजय, पवन, महिला स्वास्थ्य कर्मी निर्मला, रजनी बाला, सुमन, संजू व अन्नू सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## आईजीयू में एमए राजनीति विज्ञान कोर्स में दाखिले को करें ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

मिशन एडमिशन

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमए राजनीति विज्ञान कोर्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार यादव ने बताया कि एमए राजनीति विज्ञान कोर्स में 60 सीटें उपलब्ध हैं तथा प्रवेश विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 1 जुलाई को प्रातः 11:45 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक विवि में ही किया जाएगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र 22 जून से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के आधिकारिक प्रॉस्पेक्टस में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के एडमिशन पोर्टल के माध्यम से 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस कोर्स की वार्षिक शुल्क राशि 6440 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### कोर्स करके करियर बना सकते विद्यार्थी



डा. मुकेश ने बताया कि वर्ष 2016 में स्थापित राजनीति विज्ञान विभाग अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी एवं समर्पित संकाय सदस्यों, गुणवत्तापूर्ण शोध गतिविधियों तथा छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धति के लिए विशिष्ट पहचान रखता है। विभाग में वर्तमान में एमए राजनीति विज्ञान द्विवर्षीय कोर्स तथा पीएचडी राजनीति विज्ञान कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। विभाग की प्रमुख उपलब्धियों में विद्यार्थियों का यूजीसी-नेट-जेआरएफ में चयन, विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उल्लेखनीय नियुक्तिया तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता शामिल हैं। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागाध्यक्ष डा. मुकेश कुमार यादव के मो. 9416746880, दाखिला इंचार्ज डा. बलजीत यादव के मो. 6239944536, डा. मोनिका यादव, डा. सुनील कुमार के मो. 9416958357 तथा डा. पवन कुमार के मो. 8814888248 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजनीति विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी आईजीयू से अध्ययन करने के उपरांत कॉलेज कैडर, यूनिवर्सिटी कैडर असिस्टेंट प्रोफेसर पद, सिविल सेवा, शोध, लोक नीति विश्लेषण, राजनीतिक परामर्श, जनसंपर्क, संसदीय कार्य, कूटनीतिक सेवाएं, मीडिया, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य विविध क्षेत्रों में करियर बना सकते हैं और विभाग में ही पीएचडी कोर्स भी कर सकते हैं।

## आईजीयू के वित्त अधिकारी पदोन्नत, नगर निगम मानेसर में मुख्य लेखा अधिकारी बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर



रेवाड़ी। वित्त अधिकारी अनिल कुमार को बधाई देते स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में पिछले ढाई वर्ष से वित्त अधिकारी के पद पर कार्यरत अनिल कुमार को अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार वित्त विभाग की ओर से पदोन्नति कर नगर निगम मानेसर गुरुग्राम में बतौर मुख्य लेखा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। विवि के कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने वित्त अधिकारी अनिल कुमार को पदोन्नति पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वित्त अधिकारी ने विवि में कर्मठता, मेहनत व ईमानदारी से कार्य किया और भविष्य में भी कड़ी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करेंगे। कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने भी अनिल कुमार को बधाई दी। उन्होंने विवि को विकसित करने में वित्त अधिकारी के योगदान व सहयोग की सराहनीय की। अनिल कुमार ने सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार संजीव कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार, परीक्षा नियंत्रण डा. विपुल यादव, अकाउंट ऑफिसर एसएन शर्मा, अस्सिटेंट रजिस्ट्रार डा. अंशु, नवीन नागपाल, एसडीई सुरेंद्र कुमार, प्रोफेसर सतीश खुराना, विकास कुमार, संदीप, विक्रम सिंह, प्रीति व अजय सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारी मौजूद थे।

### बूढ़पुर में धर्मदास धार्मिक कार्यक्रम 26 को, राव नरबीर सिंह करेंगे शिरकत

रेवाड़ी। प्रदेश के उद्योग वाणिज्य, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह 26 जून प्रातः 10 बजे अपने पैतृक गांव बूढ़पुर मंदिर में भगवान शिव परिवार की मूर्ति स्थापना व धर्मदास महाराज के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंग, जबकि अध्यक्षता भागवत सेवा आश्रम दड़ौली से सर्म्पणानंद महाराज करेंगे। बूढ़पुर मंदिर के गद्दासीन महंत सचिव दास महाराज ने बताया कि बूढ़पुर,लाखनौर पंचायत के प्रतिनिधि व गांव से रिटायर्ड प्रिंसीपल वासुदेव यादव, हैडमास्टर महिपाल, डा. श्याम सुंदर, डा. योगेश, ऋषिराज सरपंच, सोनू यादव, हरिन्द्र यादव, मा. प्रहलाद, रिटायर्ड जेई रामचरण, सुभाष फोरमैन, पूर्व सरपंच जगदीष, मा. हरदयाल, जयगोविंद पंच व रामू पंच ने कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के गुरूग्राम निवास पर मुलाकात कर निमंत्रण दिया। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों के निमंत्रण का स्वीकार किया।



रेवाड़ी। राव नरबीर सिंह को निमंत्रण देते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा में लगाई गई राशि, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ व चोरी किए गए आठ वाहन किए बरामद

# पुलिस ने कसी नकेल, आपराधिक मामलों में संलिप्त 270 आरोपी दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस ने गत माह मई में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने अवैध शराब बेचन, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने, अवैध हथियारों के शौकीन व ड्रग्स की तस्करी करने वाले अपराधियों को धर दबोचा। पुलिस ने 22 उदघोषित-जमानोत्तर अपराधी सहित विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त 270 आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की।पुलिस ने साइबर ठगी के विभिन्न मामलों में संलिप्त 14 ठगों को काबू किया। अलग-अलग मामलों में अवैध हथियारों सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 अवैध देशी कट्टे, 4 देशी पिस्टल व 12 जिंदा रोंद बरामद किए। ड्रग्स तस्करी करने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ 6 मामले दर्ज किए।

इन आरोपियों के कब्जे से 7.04 ग्राम स्मैक, 4.10 ग्राम हीरोइन व 1.321 किलोग्राम गांजा बरामद किया। शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर 19 मामले दर्ज किए तथा आरोपियों के कब्जे से 453.75 बोतल देशी शराब व 133 बोतल अग्रेजी शराब बरामद की गई।



रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर बुलेट बाइक का चालान काटती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### चोरी किए गए लाखों के वाहन बरामद

पुलिस ने जुआ एवं सट्टा खाईवाली के 5 मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 39280 रुपये की नकदी बरामद की गई। इसके अलावा 44 लाख 53 हजार रुपये से ज्यादा की कीमत की चोरी की 7 बाइक व 1 ट्रक को बरामद किया गया तथा वारदातों को अंजाम देने वाले 14 आरोपी दबोचे गए। पुलिस ने चोरी के मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 3 लाख 66 हजार 500 रुपये की कीमत का चोरी किया गया सामान भी बरामद किया।

### छह हजार से अधिक चालकों के काटे चालान

पुलिस ने ब्लैक फिल्म एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने सहित यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 6335 वाहन चालकों के चालान काटे। इन वाहनों में 12 ब्लैक फिल्म, 32 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 1145 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 728 विदाउट नंबर प्लेट, 500 ऑवर स्पीड, 701 ट्रिपल राइडिंग, 4 बुलेट बाइक में पटाखा बजाने पर एवं 3213 लेन चेंज के नियमों का उल्लघंन करने वाले चालक शामिल है।

### 71 गुमशुदा लोगों को परिजनों से मिलाया

पुलिस ने गत माह जिले से लापता हुए 71 लोगों की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। लापता हुए लोगों में 24 नाबालिक लड़कें-लड़कियां तथा 47 महिला-पुरुष शामिल थे।

### अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं



जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अपराधियों पर पुलिस की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। आमजन किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पुलिस थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 नंबर पर दे सकते हैं।

-हेमेंद्र कुमार मीणा, एसपी रेवाड़ी।